कार्यालयः प्राचार्य एस.बी.डी.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph. 01564-220027 Web.www.sbdgc.ac.in E-Mail = sbdgcs@gmail.com
क्रमांक : बीडीसी / स्था / 2019 / दिनांकः 30.01.2019

# प्रेस नोट

स्थानीय राजकीय महाविद्यालय सरदारशहर में एनएसएस एनसीसी एवं रोवर रेंजर के तत्वावधान में नशामुक्ति अभियान, कुष्ठ रोग एवं एनिमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी श्री मूलचन्द लूणिया ने लगभग 1556 विद्यार्थियों, स्काउट गाइड रोवर रेंजर तथा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति एवं कुष्ठ रोग मुक्ति के लिए शपथ दिलवाई। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकाश सोनी ने नशा मुक्ति पर बोलते हुए कहा कि विशेषकर युवा इस प्रकार के व्यसन से ग्रसित होते हैं। अतः युवाओं को इस मुहिम से जुड़कर किसी भी प्रकार के तम्बाकू सेवन से दूर रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. अनिमा रानी राठौड ने एनिमिया एवं कुष्ठ रोग जैसे रोग से दूर रहने के लिए प्राकृतिक उपायो पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से श्री पवन सारस्वत एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. कविता शर्मा, प्रो. सोहनलाल, डॉ. योगेश चाहर, प्रो. शेरसिंह, डॉ. सुमित्रा शर्मा, डॉ. सुरेश ढाका, शारीरिक शिक्षा अनुदेशक डॉ. प्रभाकर दीक्षित प्रो. विनेश जैन, डॉ. गोपाल स्वरूप शर्मा, प्रो. अनुराग झंवर, प्रो. श्रवण कुमार खिचड, प्रो. नविन कुमार, सुश्री अन्जु चौधरी, डॉ. अजीत कुमार मोदी, उपस्थित रहें।

Verified

प्राचार्य
सेठ बुद्धमल दुगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर, चूरू

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

कार्यालय : प्राचार्य, S.B.D. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph. 01564-220027 Web.www.sbdgc.ac.in E-Mail = sbdgcs@gmail.com

दिनांक:02.10.2019

# प्रेस नोट

सेठ बुद्धमल दूगड राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरदारशहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के उपलक्ष में एन.एस.एस., एन सी.सी. व रोवर रेंजर के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीनारायण नागौरी, सी.एम.एच.ओ. डॉ. भंवरलाल सर्वा, बी.सी.एम.ओ. डॉ. विकास सोनी, कार्यक्रम अधिकारी गोपाल स्वरूप शर्मा एवं सभी संकाय सदस्य, जिला संयोजक गणेशदास स्वामी, डॉ. पूनमचंद भाटी ने माँ सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लालबहादुर शास्त्री जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रातः 09:00 बजे से ही विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं तथा इस महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं शहर के युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान एवं इस कार्य में सहयोग हेतु महाविद्यालय परिसर में पहुंचकर संकल्प पत्र भरने शुरू कर दिये थे। महाविद्यालय में रक्तदान कार्य हेतु जयपुर से एक चिकित्सकीय दल प्रातः 09:00 पहुंचकर अपन कार्य शुरू कर दिया था। इसी बीच सी.एम.एच.ओ. डॉ. भंवरलाल सर्वा ने सभी युवाओं को रक्तदान करने के फायदों के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए सभी को इस पुण्य कार्य हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ. नागौरी ने सभी युवाओं से इस मानव कल्याणार्थ कार्य में अपनी सहभागिता अदा करने का आह्वान किया। सायं 04:00 बजे तक कुल 294 संकल्प पत्र भरे गये। इनमें से 105 रक्तदाता रक्तदान हेतु प्रारंभिक जांच से गुजरे। जिनमें से कुल 70 रक्तदाता रक्तदान हेतु योग्य पाये गये। इस प्रकार कुल 70 यूनिट का रक्तदान किया गया। शिविर में छात्राओं ने विशेष रूप से रक्तदान हेतु भाग लिया। रक्तदान समाप्ति पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण–पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य एवं पूर्व विद्यार्थी हंसराज सिद्ध, जितेन्द्र राजवी, सरदारशहर स्कॉउट संघ के सचिव श्री बाबूलाल स्वामी, मन्नालाल बाबर, रामलाल टाक एवं युधिस्टर सारण, दिलखुश पारीक, अरविन्द सिंह, मयंक मोदी, बुलाकी शर्मा, संग्राम सिंह एवं छात्रसंघ कार्यकारिणी के मुकेश जोशी व लक्ष्मण सिंह, एवं अरविन्द सिंह, विक्रम सिंह, मयंक गौड़, रविराज शर्मा, भरत, अनिल सिंह, क्यूम खान, संजय मीणा, स्नेहा वर्मा, इत्यादि सहयोगी शिविर के प्रारंभ से समाप्ति तक सहयोगार्थ जुटे रहे।

Veri Jiol

प्राचार्य
सेबुदु रा.स्नातकोत्तर महा.विद्यालय
सरदारशहर, चूरू

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail –sbdgcs@gmail.com

क्रमांकः बीडीसी / स्था / 2020 /

दिनांकः 06.01.2020

# प्रेस नोट

सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज महाविद्यालय में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण का सत्र आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय शारीरिक शिक्षा प्रभारी डा. प्रभाकर दीक्षित ने स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा के दाव–पेच सिखाए। इसके साथ स्वयंसेवकों के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। तत्पश्चात् स्वयंसेवकों ने महिलाधिकार व शिक्षा के लिए शहर में एक जागृति रैली का आयोजन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीनारायण नागौरी ने स्वयंसेवकों को उदबोधन प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अन्त में स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय में श्रमदान किया। शिविर का समापन कल दिनांक 07.01.2019 मंगलवार को होना है।

Verified

प्राचार्य
से.बु.दू.रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर, चूरु

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail -sbdgcs@gmail.com

क्रमांक: बीडीसी / स्था / 2020 / दिनांक: 15.01.2020

# प्रेस नोट

सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मनाये गये सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत स्वयंसेवकों के लिए सड़क सुरक्षा विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान छात्रों को सड़क पर दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की शपथ दिलवाई गई। स्वयंसेवकों ने वाहन चालकों को रोककर उनसे हेलमेट पहनने एवं सीट बैल्ट लगाने का आग्रह किया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान महाविद्यालय के विभिन्न संकाय सदस्यों ने छात्रों को सड़क यातायात संबंधी नियमों की जानकारी दी तथा इनकी पालना के महत्व को बताया।

verified

प्राचार्य
से.बु.दू.रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर चूरु

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail -sbdgcs@gmail.com

दिनांक: 27.07.2020

# प्रेस नोट

सेठ बुद्धमल दूगड राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर मे कोरोना रोकथाम समिति के तत्वावधान मे प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीनारायण नागौरी द्वारा कोरोना जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर मे कोरोना वायरस से बचाव से संबधित आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये है। प्राचार्य डॉ. नागौरी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों मे सभी के द्वारा इन निर्देशों का पालन करना वांछित है। इस अवसर पर कोरोना रोकथाम समिति के संयोजक सहायक आचार्य प्रो. नवीन पारीक एवं समिति सदस्य सहायक लेखाधिकारी श्री संदीप कुमार जोशी द्वारा महाविद्यालय स्टाफ को कोरोना सुरक्षा के संबध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया। इस अवसर पर प्रो. सोहनलाल, डॉ. योगेश चाहर, डॉ. देवीशंकर शर्मा, प्रो. अमरचंद कुमावत, प्रो. शेरसिंह, प्रो. के. पी. मीणा, डॉ. गोपाल स्वरूप शर्मा, प्रो. कमलेश कुमार जोशी आदि संकाय सदस्य उपस्थित थे।

verified

प्राचार्य
सै.बु.दू.रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर, चूरु

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

कार्यालय : प्राचार्य,S.B.D. राजकीय पीजी. महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph. 01564-220027 Web.www.sbdgc.ac.in email - sbdgcs@gmail.com

दिनांक: 04. 01. 2022

# —:: प्रेस नोट ::—

कोरोना के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए एस.बी.डी.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर में आज दिनांक 04 जनवरी 2022 को एन.एस.एस. की दोनो इकाईयों के संयुक्त तत्त्वावधान में मास्क वितरण व कोरोना जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में आने वाले विद्यार्थियों तथा कन्या महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मास्क वितरण कर कोरोना जागरूकता का संदेश दिया। तत्पश्चात् स्वयंसेवकों ने बीकानेर सर्किल, चूरू फांटा तथा आसपास की समस्त दुकानों पर जाकर दुकानदारों, आने–जाने वाले नागरिकों तथा वाहन चालकों को मास्क वितरण कर कोरोना से बचने के लिए मास्क लगाने का निवेदन किया।

सम्पूर्ण कायक्रम एनएसएस प्रभारी श्री भवानीशंकर तथा श्री शंकरलाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

अन्त में प्राचार्य डॉ. वी. के. स्वामी ने स्वयंसेवकों को आर्शीवाद स्वरूप उदबोधन प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

Verified

प्राचार्य
सेठ बु.दु.रा.स्नातकोत्तर महा.विद्यालय
सरदारशहर, चूरु

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail -sbdgcs@gmail.com

दिनांक: 08.02.2022

# प्रेस नोट

एसबीडी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर से **वॉल क्लाइंब एवं एडवेंचर शिविर** में भाग लेने के लिए पांच सदस्य रोवर दल बीकानेर रवाना। रोवर प्रभारी प्रो. कमलेश जोशी ने बताया कि स्काउट मण्डल मुख्यालय पर दिनांक 08.02.2022 से 12.02.2022 तक यह शिविर आयोजित होगा। इस एडवेंचर शिविर में वॉल क्लाइंब, केमल सफारी, डेजर्ट ट्रेकिंग, निशानेबाजी के साथ विश्व प्रसिद्ध करणी माता मन्दिर में भ्रमण करवाया जायेगा। इस रोवर दल का नेतृत्त्व रोवर मोहनलाल द्वारा किया जायेगा।

Verified

प्राचार्य
से.बु.दु.रा.स्नातकोत्तर महा.विद्यालय
सरदारशहर, चूरु

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail –sbdgcs@gmail.com

दिनांक: 15.02.2022

# प्रेस नोट

एसबीडी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सरदारशहर को नशा मुक्त करने के लिए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान MANSA संचालित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी महोदय श्री पवन कुमार ने विद्यार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलायी। उप पुलिस अधीक्षक श्रीमान नरेन्द्र शर्मा ने एनडीपीसी एक्ट और नशाबंदी के सरकारी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास सोनी ने विद्यार्थियों को नशे करने के स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के बारे में बताया। विकास अधिकारी श्री दुर्गाराम पारीक ने उन कारणों पर प्रकाश डाला जिससे व्यक्ति नशे की गलत प्रवृत्ति में पड़ता है। उन्होंने अपने स्वयं के जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यार्थियों को जीवन में आदर्श मार्ग अपनाना चाहिए। तहसीलदार श्रीमान हनुमान सिंह देवल ने युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को पंजाब राज्य के उदाहरण के माध्यम से समझाया। ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी श्रीमान अशोक कुमार पारीक ने नशे की प्रवृत्ति रोकने में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. वी.के. स्वामी ने विद्यार्थियों को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपने साथ–साथ महाविद्यालय परिसर को भी नशे से मुक्त व दूर रखना है। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य श्री देवीलाल रोझ ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. कविता शर्मा, डॉ. देवीशंकर शर्मा, श्री अमरचंद कुमावत, श्री शेरसिंह, डॉ. मृणालिनी पारीक, श्री गजानन्द शर्मा, श्री शंकरलाल, डॉ. सुनिता मीणा, श्री लालचंद मीणा, डॉ. प्रभाकर दीक्षित संकाय सदस्य व एनएसएस, रोवर–रेंजर्स के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

Verified

प्राचार्य
से.बु.दु.रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर,चूरु

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर

कार्यालयः प्राचार्य,S.B.D.राजकीय (पी.जी.) महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph. 01564-220027 Web.www.sbdgc.ac.in e-mail - sbdgcs@gmail.com
दिनांक 25.02.2022

# प्रेस–नोट

एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर भूगोल विभाग के अन्तर्गत आज दिनांक 25.02.2022 को भौगोलिक अध्ययन क्षेत्र सर्वे के तहत गांव जीवणदेसर क्षेत्र का सर्वे किया। इस सर्वे में महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के भूगोल विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सर्वे के दौरान गांव की सामाजिक, सास्कृतिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षिक स्थिति का सर्वे किया। सर्वे दल को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी.के. स्वामी ने सर्वे के बारे में जानकारी देते हुए रवाना किया। सर्वे के दौरान महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रभारी श्री कमलेश जोशी व डॉ. धीरज कुमार ने प्रायोगिक भूगोल संबंधी भौगोलिक शोध में प्रयोग की जाने वाली तकनीकों जैसे क्षेत्र में तथ्यों के प्रेक्षण तथा सांख्यिकीय आंकड़ों के संग्रहण, विशलेषण, प्रस्तुतिकरण के बारे में सविस्तार से बताया।

Verified

प्राचार्य
सेठ बु.दु.रा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर, चूरु

प्राचार्य
राजकीय सेठ बु.दु. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर (राज.)

कार्यालयः प्राचार्य,S.B.D.राजकीय (पी.जी.) महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph. 01564-220027 Web.www.sbdgc.ac.in e-mail = sbdgcs@gmail.com

दिनांक 26.02.2022

# प्रेस–नोट

एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर भूगोल विभाग के अन्तर्गत आज दिनांक 26.02.2022 को भौगोलिक अध्ययन क्षेत्र सर्वे के तहत गांव उड़सर क्षेत्र का सर्वे किया। इस सर्वे मे महाविद्यालय के बी.ए. तृतीय वर्ष के भूगोल विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सर्वे के दौरान गांव की सामाजिक, सास्कृतिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षिक स्थिति का सर्वे किया। सर्वे दल को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.के. स्वामी ने सर्वे के बारे में जानकारी देते हुए रवाना किया। सर्वे के दौरान महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रभारी श्री कमलेश जोशी व डॉ. धीरज कुमार ने प्रायोगिक भूगोल संबंधी भौगोलिक शोध में प्रयोग की जाने वाली तकनीकों जैसे क्षेत्र में तथ्यों के प्रेक्षण तथा सांख्यिकीय आंकड़ों के संग्रहण, विशलेषण, प्रस्तुतिकरण के बारे में सविस्तार से बताया।

Verified

प्राचार्य
सेठ बु.दु.बा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर, चूरू

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail -sbdgcs@gmail.com

दिनांकः 16.03.2022

## प्रेस नोट

सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर में आज दिनांक 16.03.2022 को एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान से सेनेटरी–पेड वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके अन्तर्गत दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने काका कॉलोनी की भाटिया बस्ती में घर–घर जाकर महिलाओं को सैनेटरी–पेड वितरित किये। साथ ही इनके उपयोग की जानकारी देते हुए शारीरिक स्वच्छता (हाईजीन) बनाये रखने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. वी.के. स्वामी ने स्वयंसेविकाओं को प्रोंत्साहन प्रदान करते हुए महाविद्यालय से विदा किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी श्री भवानीशंकर एवं श्री शंकरलाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

Verified

प्राचार्य
से.बु.दु.रा.स्नातकोत्तर महा.विद्यालय
सरदारशहर,चूरू

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

प्राचार्य
से.बु.दू.राज. स्नातकोत्तर महावि...
सरदारशहर (राज.)

कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027
web- www.sbdgc.ac.in E-mail -sbdgcs@gmail.com

दिनांक: 30.01.2022

# प्रेस नोट

सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर में आज दिनांक 30.01.2022 को एनएसएस की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन 25 स्वयंसेवकों ने प्रशासन द्वारा शहीद दिवस पर आयोजित ताल मैदान से गांधी चौक तक के शांति मार्च में भाग लिया। शेष स्वयंसेवकों ने कोरोना जागरूकता हेतु शहर में रैली निकाली। इस दौरान स्वयंसेवकों ने कोरोना जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रकार के स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से लोगों के बीच कोरोना से बचने के लिए कोरोना गाइडलाइन की पालना हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। बौद्धिक सत्र के दौरान भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण का विषय "वर्तमान समय में लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां" था। प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। सम्पूर्ण कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी श्री भवानीशंकर व श्री शंकरलाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

**कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर**
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail -sbdgcs@gmail.com

दिनांकः 31.01.2022

# प्रेस नोट

सेठ बुद्धमल दूगड राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर में आज दिनांक 31.01.2022 को एनएसएस की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों द्वारा काका कॉलोनी में मंदिर परिसर की सफाई की गई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सम्पूर्ण मंदिर प्रागंण व उसके आस–पास के क्षेत्र की सफाई की। श्रमदान के पश्चात बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। आज के बौद्धिक सत्र में श्रीमती संजु शारीरिक शिक्षक, महात्मा गांधी विद्यालय सरदारशहर थे। मैडम जूडे–कराटे में जिला स्तरीय ट्रेनर भी है। मैडम ने स्वयंसेवकों को जूडो–कराटे की बारीकियों को समझाया। मैडम ने बताया कि प्रत्येक लड़की को शारीरिक व मानसिक रूप से अपनी स्वरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इसके लिए हमारा खान–पान, जीवनशैली व एक सकारात्मक रवैया आवश्यक है। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. कविता शर्मा सहआचार्य द्वारा मैडम को सम्मान स्वरूप मोमेन्टो प्रदान किया गया। अंत में डॉ. कविता शर्मा ने मैडम का धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी श्री भवानीशंकर व श्री शंकरलाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail -sbdgcs@gmail.com

दिनांक: 01.02.2022

# प्रेस नोट

सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर में आज दिनांक 01.02.2022 को एनएसएस की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों द्वारा काका कॉलोनी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय की सफाई की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सम्पूर्ण विद्यालय भवन, विद्यालय परिसर व उसके आस–पास के क्षेत्र की सफाई की। श्रमदान के पश्चात स्वयंसेवकों ने ग्रामीण संस्कृति के पुराने लोकखेल जैसे गुलीडंडा, सतौलिया व मारदड़ी आदि का आनंद लिया। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। बौद्धिक सत्र के दौरान रिसोर्स पर्सन के रूप में श्री राधेश्याम शर्मा, ऋण प्रबन्धक, एसबीआई, सरदारशहर तथा श्री रवीश सुथार, क्लीयरिंग इंचार्ज एसबीआई सरदारशहर उपस्थित रहे। श्री रवीश सुथार ने बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित विभिन्न जानकारियां जैसे बैंक खाते, डिबीटी व डिजिटल बैंकिंग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री राधेश्याम शर्मा ने बैकिंग क्षेत्र में होने वाली विभिन्न प्रकार की ऑनलाईन धोखाधड़ी के बारे में बताया। बौद्धिक सत्र के दौरान संकाय सदस्य डॉ. मृणालिनी पारीक, श्री अमरचंद कुमावत, डॉ. देवीशंकर शर्मा व प्राचार्य डॉ. वी.के. स्वामी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. वी.के. स्वामी ने आये हुए अतिथियों को सम्मान स्वरूप मोमेन्टो प्रदान किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी श्री भवानीशंकर व श्री शंकरलाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

**कार्यालयः प्राचार्य एस.बी.डी.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर**
Ph. 01564-220027 Web.www.sbdgc.ac.in E-Mail = sbdgcs@gmail.com

दिनांकः 02. 02. 2022

# –:: प्रेस नोट ::–

एसबीडी राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर में आज एनएसएस की दोनों इकाईयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों द्वारा काका कॉलोनी में सर्वे किया गया। सर्वे के दौरान स्वयंसेवकों ने प्रत्येक परिवार के सदस्यों की कोरोना वेक्सीनेशन की जानकारी एकत्रित की। साथ ही सम्पूर्ण कॉलोनी में 6–14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चे जो विद्यालय नही जाते है उनकी जानकारी एकत्रित की। तत्पश्चात् बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। बौद्धिक सत्र में वादविवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसका विषय "सरकारी शिक्षण संस्थान बनाम निजी शिक्षण संस्थान " था। सभी स्वयंसेवकों ने प्रतियोगिता में बढ–चढकर भाग लिया तथा बहुत सुन्दर,स्वस्थ व सार्थक बहस हुई जिसमें अनेक महत्त्वपूर्ण बिन्दु उभरकर आये। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. कविता शर्मा तथा डॉ. प्रभाकर दीक्षित ने निर्णायक की भूमिका निभायी। अन्त में डॉ. कविता शर्मा ने अपना उद्बोधन प्रदान करते हुए स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी श्री भवानीशंकर व श्री शंकरलाल के निर्देशन में हुआ।

(डॉ. वी.के. स्वामी)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,
सरदारशहर

प्राचार्य
से.बु.द.राज. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर (चूरू)

कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail -sbdgcs@gmail.com

दिनांक: 03.02.2022

# प्रेस नोट

सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर में आज दिनांक 03.02.2022 को एनएसएस की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों द्वारा उड़सर ग्राम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, उड़सर में साफ–सफाई की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सम्पूर्ण विद्यालय भवन, विद्यालय परिसर व उसके आस–पास के क्षेत्र की सफाई की तथा सभी वृक्षों को पानी दिया। श्रमदान के पश्चात बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। आज के बौद्धिक सत्र के दौरान रिसोर्स पर्सन के रूप में श्री गणपतराम, यातायात प्रभारी व श्री नरेन्द्र कुमार कॉन्सटेबल, पुलिस थाना सरदारशहर उपस्थित रहे। श्री गणपतराम ने स्वयंसेवकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा यातायात नियमों की पालना करने की हिदायत दी। डॉ. कविता शर्मा ने आये हुये अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. कविता शर्मा ने आये हुए अतिथियों को सम्मान स्वरूप मोमेन्टो प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान संकाय सदस्य प्रो. शेरसिंह व डॉ. प्रभाकर दीक्षित उपस्थित थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी श्री भवानीशंकर व श्री शंकरलाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

# एस बी डी राजकीय महाविद्यालय सरदारशहर

दिनांक: 18.01.2022

## प्रेस नोट

**महाविद्यालय में बौद्धिक सम्पदा अधिकार जागरूकता पर वेब सेमिनार का आयोजन**

सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर में मंगलवार को आईक्यूएसी के तत्वावधान में बौद्धिक सम्पदा अधिकार जागरूकता पर वेब सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ. जितेन्द्र शर्मा, (असिस्टेंट कन्ट्रॉलर ऑफ पेटेंट एण्ड डिजाइन) एवं सहयोगी वक्ता डॉ. सतीश कुमार मीणा (एक्जामिनर – पेटेंट एंड डिजाइन) रहे। डॉ. शर्मा ने कॉपीराइट, पेटेंट, डिजाइन, भौगोलिक संकेतक, ट्रेडमार्क के बारे में विस्तार से बताया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. देवीशंकर शर्मा बताया कि इस ऑनलाइन सेमिनार में प्रदेश के 398 प्रतिभागियों एवं विभिन्न महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों ने पंजीकरण करवाया। वेब सेमिनार के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले आईक्यूएसी सदस्य प्रो. अमरचंद कुमावत, प्रो. गजानन्द शर्मा, प्रो. शंकरलाल, प्रो. कमलेश कुमार जोशी, डॉ. सुनिता मीणा, प्रो. देवीलाल रोझ सेमिनार हॉल में उपस्थित रहे। वेबसेमिनार संरक्षक प्राचार्य डॉ. वी.के. स्वामी ने मुख्य वक्ता का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया तथा डॉ. कविता शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. योगेश चाहर ने किया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

# एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में मतदाता दिवस का आयोजन, मतदान करने की दिलाई शपथ



सलौना राजस्थान

सरदारशहर। स्थानीय एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में आज मतदाता दिवस का आयोजन कोविड-19 सुरक्षा मापदंडों की पालना करते हुए किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर सोहनलाल ने सभी उपस्थित जनों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था एवं देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या अन्य किसी भी प्रभोलन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। डॉ योगेश चाहर व प्रोफेसर शेरसिंह ने विद्यार्थियों को मतदान करने के महत्व से अवगत करवाते हुए प्रोत्साहित किया। विधार्थी राष्ट्रहित में मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रोफेसर कमलेशकुमार जोशी, राजेंद्र चौधरी, बृजकिशोर भारद्वाज, विपिन चोटिया सहित कर्मचारी गण उपस्थित थे।

कार्यालय प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail- sbdgcs@gmail.com
क्रमांक बीडीजी / स्था / 2020 / दिनांक 23.07.2020

# प्रेस नोट

सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय महाविद्यालय सरदारशहर में संचालित नेचर क्लब के तत्वावधान में पिछले पन्द्रह दिनों से चल रहे सफाई अभियान के साथ–साथ आज बुधवार को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में शीशम, रोहिड़ा, कनेर, गुलमोहर, बकायन आदि के लगभग 115 छायादार पौधे रोपित किये गये। प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीनारायण नागौरी ने बताया कि इन दिनों पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण हेतु कई प्रयास किये जा रहे हैं। लेकिन सबसे अच्छा उपाय प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण किया जाना है। अतः उन्होंने सभी से पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण किये जाने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय प्रो. सोहनलाल, डॉ. योगेश धाहर, डॉ. देवीशंकर शर्मा, प्रो. अमरचंद कुमावत, कार्यक्रम प्रभारी प्रो. शेरसिंह, प्रो. के.पी. मीणा, प्रो. नवीन पारीक, डॉ. सुमित्रा शर्मा, डॉ. सुमन सिंह, प्रो. गोपाल स्वरूप शर्मा, प्रो. श्रवण सिंह, प्रो. भवानी शंकर, प्रो. शंकरलाल, प्रो. अनुराग झवर, प्रो. कमलेश जोशी, प्रो. दिनेश जैन, सुश्री अंजू चौधरी, सुश्री मृणालिनी पारीक, श्री संदीप जोशी लेखाधिकारी, श्री राजेन्द्र चौधरी सभी व कर्मचारियों ने पौधारोपण में सहयोग प्रदान किया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर


दिनांक 26.11.2020

# प्रेस—नोट

एस.बी.डी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज संविधान दिवस सामाजिक दूरी रखते हुए मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एल.एन. नागौरी ने संविधान दिवस पर सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकृत करने के अवसर पर यह दिन पूरे देश में विशेष महत्व रखता है। हमारा संविधान भारत को एक संप्रभु, समाजवादी धर्मनिपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है। जो अपने नागरिकों को न्याय, समानता और स्वतंत्रता का आश्वासन देता है तथा भाईचारे को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में कोरोना जैसी महामारी की रोकथाम हेतु हमें व्यक्तिगत रूप से सजग रहकर कर्तव्यों की पालना करते हुए समय—समय पर जारी गाइडलाईन को ध्यान में रखना भी आवश्यक है। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. सोहनलाल ने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ—साथ कर्तव्यों की पालना भी सुनिश्चित करनी होगी। इस अवसर पर प्रो. अमरचंद कुमावत, प्रो. शेरसिंह, प्रो. के.पी. मीणा, प्रो. नवीन पारीक, डॉ. गोपाल स्वरूप शर्मा, श्री भवानी शंकर, श्री दिनेश जैन, श्री शंकरलाल, सुश्री अंजू नागौरी, डॉ. मृणालिनी पारीक, श्री कमलेश कुमार जोशी उपस्थित रहे।

सरदारशहर. एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भागीदारी विषय पर ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार में संकाय सदस्यों के साथ साथ अनेक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। बीकानेर के मु य वक्ता डॉ श्यामसुंदर ज्यानी ने कहा कि महामारियां मानव व प्रकृति के बीच पैदा होने वाले प्राकृतिक असंतुलन का दुष्परिणाम है अतः हरित अर्थव्यवस्था तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यक्रमों को और अधिक बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। कार्यवाहक प्राचार्य डा.योगेश चाहर ने पर्यावरणीय विसंगतियों को दूर करने में युवाओं की अहम भूमिका की बात कही। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं से इको फ्रेंडली बनने, वर्षा जल को संरक्षित करने, ड्राइव कम करने का आह्वान किया। वेबीनार का संचालन प्रो. शेरसिंह ने किया।




Recording...
View
Participants (26)
Mamta Gurjar
Yogesh Chahar
Sanwarmal Khichar
देवीलाल रोझ
KARISHANA
Ajit Kumar Modi
Mohan
Yogesh
Chitresh atri
Rajesh bagariya
Shivani rathore
Sunil Kumar
Sunita saran
Bhawani Shankar
Pooja saini
Rakhijain
Security
Participants
Chat
End

# राजकीय एसबीडी महाविद्यालय में योग दिवस पर वेबीनार का आयोजन

**जयपुर टाइम्स**




**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग एवं महामारी विषय पर ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शारीरिक अनुदेशक डॉ प्रभाकर दीक्षित ने योग की विभिन्न क्रियाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार से शरीर को स्वच्छ व सुडौल बनाए रखा जा सकता है एवं विभिन्न बीमारियों से बचाया जा सकता है। साक्षी दीक्षित ने योग की विभिन्न मुद्राओं को प्रायोगिक रूप से डॉ प्रभाकर दीक्षित के निर्देशन में प्रदर्शित किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो सोहनलाल एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ योगेश चाहर ने सभी से संकल्पित होकर नियमित रूप से योग को जीवन का हिस्सा बनाए रखने की अपील की। वर्तमान परिपेक्ष में बेहद जरूरी है योग। वेबीनार में संकाय सदस्यों के साथ-साथ अधिकाधिक विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर अपनी सहभागिता निभाई।

# ...महाविद्यालय में सेमिनार आयोजित



सरदारशहर. रसायनशास्त्र विभाग में आयोजित सेमिनार मौजूद विद्यार्थी।

सरदारशहर. एसबीडी राजकीय पीजी महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग में सेमिनार का आयोजन किया गया। स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने वर्तमान में प्रासागिक तकनीकि विषयों पर अपने-अपने शोध पत्रों का वाचन किया। रामा पारीक ने जी.सेट.-31, कृष्ण कुमार ने कृत्रिम पत्तियां, सुशीला जांगिड़, सुमन स्वामी, महेश सैनी ने हाइड्रोजन भंडारण तकनीक शोध पत्रों के माध्यम से ऊर्जा के नये स्त्रोतों एव... टेलीकॉम्यूनिकेशन विषयों प... जानकारी साझा की। विभागाध्यक्ष डा... योगेश चाहर ने बताया कि विभाग ... चल रहे शोध कार्य एवं सेमिनार ... माध्यम से विद्यार्थियों में नव-प्रवर्त... के प्रति जिज्ञासा बढ़ी है।

दैनिक भास्कर

# एसबीडी कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब का गठन किया, राष्ट्रीय एकता की शपथ ली



**सरदारशहर** | राजकीय एसबीडी स्नातकोत्तर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय द्वितीय शिविर का आयोजन हुआ। स्वयंसेवकों ने अलग-अलग टीम बनाकर कॉलेज परिसर में सफाई की। संगोष्ठी में प्राचार्य सोहनलाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व व उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जनसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की प्रेरणा दी। कॉलेज में एनएसएस के सहयोग से एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब का गठन किया गया। स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी विनेश जैन व भवानीशंकर ने आभार जताया।

# राजकीय महाविद्यालय में योगा, मेडिटेशन तथा बैडमिंटन प्रशिक्षण शुरू

सरदारशहर. सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार समर कैम्प प्रोग्राम 2019 के तहत कौशल उन्नयन कार्यक्रम के अन्तर्गत इंग्लिश लैंग्वेज फॉर कम्युनिकेशन स्किल, योगा, मेडिटेशन तथा बैडमिंटन प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। समन्वयक डा.योगेश चाहर ने बताया कि निदेशालय के निर्देश पर प्रदेश के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में ये कार्यक्रम होंगे। प्रथम व द्वितीय सत्र में प्रो. अमरचंद कुमावत, प्रो. नवीन पारीक, प्रो. केपी मीणा एवं डा.प्रभाकर दीक्षित का व्याख्यान हुआ। संचालन प्रो. शेरसिंह ने किया।

# राजकीय महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

सरदारशहर. एसबीडी राजकीय पीजी महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग में बुधवार को प्राचार्य डा.लक्ष्मीनारायण नागौरी के सानिध्य में सेमिनार का आयोजन किया गया। स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने वर्तमान में ज्वलंत विषयों पर अपने-अपने शोध पत्रों का वाचन किया। इस अवसर पर अंकिता जांगिड़ व रतनलाल ने प्लास्टिक की रिसाइकलिंग, कृष्ण कुमार ने पटाखों के बढ़ते खतरे, अंजिता स्वामी ने अम्लीय वर्षा के दुष्प्रभाव, मंजिता स्वामी ने ग्रीन हाउस इफेक्ट, बबीता स्वामी ने इलेक्ट्रॉनिक वैस्टेज और रमा पारीक व अनुकूल खिचड़ ने वर्तमान में बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी समस्याओं एवं उनके निराकरणों को शोध पत्रों में शामिल किया। विभागाध्यक्ष डा.योगेश चाहर, प्रो.अमरचन्द कुमावत एवं अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. शेरसिंह ने सभी शोध पत्रों का मौके पर ही विश्लेषण कर सुझाव दिए। उन्होनें ग्रीन हाउस प्रभाव, प्लास्टिक से जुड़ी समस्याओं पर बोलते हुए कहा कि हमें प्लास्टिक पर निर्भरता धीरे-धीरे कम करनी होगी व इसके अधिक से अधिक विकल्पों को खोजे जाने पर काम करना होगा।



# गांधी जयंती पर रक्तदान शिविर में 70 युवाओं ने रक्तदान किया

## युवाओं को रक्तदान के फायदे बताए

सरदारशहर, (निसं)। सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरदारशहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के उपलक्ष में एन.एस.एस., एन.सी.सी. व रोवर रेंजर के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीनारायण नागौरी, सी. एम. एच. ओ. डॉ. भंवरलाल सर्राफ, बी.सी.एम.ओ. डॉ. विकास सोनी माँ सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लालबहादुर शास्त्री जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में कुल 70 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तसंग्रहण का जयपुर के चिकित्सकीय टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर सी.एम.एच.ओ. डॉ. भंवरलाल सर्राफ ने सभी युवाओं को रक्तदान करने के फायदों के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए सभी को इस पुण्य कार्य हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ. नागौरी ने सभी युवाओं से इस मानव कल्याणार्थ कार्य में अपनी सहभागिता अदा करने का आह्वान किया। रक्तदान समाप्ति पर सभी रक्तदाताओं को



एसबीडी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

- **रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए**

प्रमाण-पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारी गोपाल स्वरूप शर्मा, जिला संयोजक गणेशदास स्वामी, डॉ. पूनमचंद बाठी सहित पूर्व विद्यार्थी हंसराज सिद्ध, जितेन्द्र राजवी, सरदारशहर स्काउट संघ के सचिव श्री बाबूलाल स्वामी, मन्नालाल बाबर, रामलाल टाक एवं युधिष्ठर सारण, दिलखुश पारीक, अरविन्द सिंह, मयंक मोदी, कुलदीप शर्मा, संग्राम सिंह एवं छात्रसंघ कार्यकारिणी के मुकेश जोशी व लक्ष्मण सिंह, एवं अरविन्द सिंह, विक्रम सिंह, मयंक गौड़, रविराज शर्मा, भरत, अनिल सिंह, अनूप खान, संजय मीणा, स्नेहा वर्मा, इत्यादि ने शिविर में सहयोग किया।

कार्यालय : प्राचार्य, सेठ बुद्धमल दुगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर
Ph.01564-220027 web- www.sbdgc.ac.in E-mail -sbdgcs@gmail.com

दिनांक: 08.06.2020

## प्रेस नोट

### एस.बी.डी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ऑनलाईन सेमीनार का आयोजन


एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय में संचालित आई.क्यू.ए.सी. व नेचर कल्ब के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को घर पर बने रहकर पर्यावरण संरक्षण दिवस पर ऑनलाईन सेमीनार का आयोजन किया गया। मुख्यवक्ता राजकीय डूंगर महाविद्यालय के डॉ. श्यामसुन्दर ज्याणी ने पृथ्वी के संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए सदैव कार्य करने, कुछ माह के अन्तराल में कुछ पौधे अवश्य लगायें तथा उनका संरक्षण करने, तालाब, नदी एवं पोखर आदि जल स्त्रोतों को प्रदूषित नहीं करने, बिजली का अनावश्यक उपयोग नहीं करने, प्लास्टिक, पॉलीथिन का उपयोग बंद करने जैसे संकल्प लेने कि बात कही। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. अमरचन्द कुमावत ने सेमीनार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि हमें वर्तमान व भावी पीढ़ी को स्वस्थ एवं स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करने के लिए और अच्छे प्रयास करेने होंगे। सीकर महाविद्यालय के डॉ. बी.एन. सिंह तथा प्रो. सोहनलाल, डॉ. देवीशंकर शर्मा, प्रो. के.पी. मीणा, डॉ. सुमित्रा शर्मा, प्रो. अनुराग झंवर व विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किये। कार्यक्रम संयोजक व सहसंयोजक डॉ. योगेश चाहर व प्रो. शेरसिंह ने ऑनलाईन सेमीनार की संचालन करते हुए पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण में महत्ती भूमिका निभाने हेतु सभी विद्यार्थियों व आस–पास के लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

# राजस्थान दिवस राजस्थानी संस्कृति एवं कला को दृष्टिगत रखते हुए मनाया

**वीओटी संवाददाता, सरदारशहर**

एसबीडी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजस्थान दिवस राजस्थानी संस्कृति एवं कला को दृष्टिगत रखते हुए मनाया गया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. कविता शर्मा व प्रो सोहनलाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रारंभ में छात्रा प्रशंसा सोनी एंड पार्टी ने घूमर नृत्य कर राजस्थानी



संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। मोहनलाल एंड पार्टी ने राजस्थानी वेशभूषा के साथ मरुस्थल एवं ऊंट जैसी राजस्थानी विशेषताओं से परिचित करवाते हुए समूह नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न काव्य पाठ गायन एवं चित्रकारी के माध्यम से भी राजस्थानी साहित्य संस्कृति एवं कला के गौरव को बरकरार रखने का संदेश प्रस्तुत किया।


डॉ कविता शर्मा ने राजस्थान के गौरवशाली इतिहास की जानकारी देते हुए कहा कि यहां के वीर सपूतों में मातृभूमि की रक्षार्थ उनका त्याग शौर्य अदम्य साहस बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणास्पद है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राजस्थानी वीरों की जीवन गाथा से प्रेरित हो मातृभूमि के प्रति सर्वस्व समर्पण का जज्बा हमेशा बनाए रखें। प्रो सोहनलाल ने किशनगढ़, बूंदी की चित्रकला की मौलिकता के बारे में विचार प्रस्तुत कर कहा कि यहां की कला के कारण विश्व में राजस्थान की विशिष्ट पहचान है।

इस अवसर पर सभी सहभागी विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. देवीशंकर शर्मा, श्रीलाल मीणा, डॉ. प्रभाकर दीक्षित, दिलीप सांखला, कृष्ण कुमार, प्रीति जाखल और सूर्या बोहरा आदि उपस्थित रहे।

# राजस्थान दिवस राजस्थानी संस्कृति एवं कला को दृष्टिगत रखते हुए मनाया

न्यूज ज्योति

**सरदारशहर।** एसबीडी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजस्थान दिवस राजस्थानी संस्कृति एवं कला को दृष्टिगत रखते हुए मनाया गया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. कविता शर्मा व प्रो सोहनलाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रारंभ में छात्रा प्रशंसा सोनी एंड पार्टी ने घूमर नृत्य कर राजस्थानी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। मोहनलाल एंड पार्टी ने राजस्थानी वेशभूषा के साथ मरुस्थल एवं ऊंट जैसी राजस्थानी विशेषताओं से परिचित करवाते हुए समूह नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न काव्य पाठ गायन एवं चित्रकारी के माध्यम से भी राजस्थानी साहित्य संस्कृति एवं कला के गौरव को बरकरार रखने का संदेश प्रस्तुत किया। डॉ कविता शर्मा ने राजस्थान के गौरवशाली इतिहास की जानकारी देते हुए कहा कि यहां के वीर सपूतों में मातृभूमि की रक्षार्थ उनका त्याग शौर्य अदम्य साहस बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणास्पद है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राजस्थानी वीरों की जीवन गाथा से प्रेरित हो मातृभूमि के प्रति सर्वस्व समर्पण का जज्बा हमेशा बनाए रखें। प्रो सोहनलाल ने किशनगढ़, बूंदी की चित्रकला की मौलिकता के बारे में विचार प्रस्तुत कर कहा कि यहां की कला के कारण विश्व में राजस्थान की विशिष्ट पहचान है।



# एसबीडी महाविद्यालय में मनाया राजस्थान दिवस




**सरदारशहर।** एसबीडी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजस्थान दिवस राजस्थानी संस्कृति एवं कला को दृष्टिगत रखते हुए मनाया गया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. कविता शर्मा व प्रो. सोहनलाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रारंभ में छात्रा प्रशंसा सोनी एंड पार्टी ने घूमर नृत्य कर राजस्थानी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। मोहनलाल एंड पार्टी ने राजस्थानी वेशभूषा के साथ मरुस्थल एवं ऊंट जैसी राजस्थानी विशेषताओं से परिचित करवाते हुए समूह नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न काव्य पाठ गायन एवं चित्रकारी के माध्यम से भी राजस्थानी साहित्य संस्कृति एवं कला के गौरव को बरकरार रखने का संदेश प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी सहभागी विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में डॉ. देवीशंकर शर्मा, श्रीलाल मीणा, डॉ. प्रभाकर दीक्षित, दिलीप सांखला, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# समर कैंप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निसं.)। सेठ बुधमल दूगड राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर में गत सोमवार से शुरू हुए समर कैंप प्रोग्राम 2019 के तहत कौशल उन्नयन कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें इंग्लिश लैंग्वेज फॉर कम्युनिकेशन स्किल के साथ ही कंप्यूटर का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ सरोज चाहर ने अपना उद्बोधन दिया।

इन कार्यक्रमों के साथ ही महाविद्यालय में विद्यार्थियों को बैडमिंटन का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है इन समस्त कार्यक्रमों के समन्वयक डॉ योगेश चाहर ने बताया कि अंग्रेजी विषय के संप्रेषण कौशल का प्रशिक्षण एवं अभ्यास महाविद्यालय के सहायक आचार्य नवीन पारीक के निर्देशन में चल रहा है तथा बैडमिंटन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेर सिंह एवं शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ प्रभाकर दीक्षित के निर्देशक में आयोजित किए जा रहे हैं। महाविद्यालय को प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा विद्यार्थियों के ग्रीष्मावकाश के सदुपयोग एवं कौशल विकास के तहत इन कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूर्णतया निशुल्क रूप से आयोजित है एवं इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शिविर के संपन्न होने पर महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।


S.B.D. Government P.G. College
Sardarshahar (Churu)
CAMPUS INTERVIEW
For
ICICI Bank Senior Officer Career Program
NIIT
Date : 7 February 2020
Time : 11AM
ifbi
Contact
N.C. Vyas 7698668508, P. Kumar - 8955266771
Prof. S. Singh
( Coordinator )
Dr. L.N. Nagori
( Principal )
Sanrise

# महाविद्यालय में कैम्पस इन्टरव्यू का आयोजन कल

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**सरदारशहर.** एसबीडी राजकीय पीजी महाविद्यालय में शुक्रवार को प्लेसमेंट सैल के तत्वावधान में कैम्पस इन्टरव्यू का आयोजन किया जायेगा। महाविद्यालय प्राचार्य डा.लक्ष्मीनारायण नागौरी ने बताया कि एनआईआईटी, आईएफबीआई से सम्बंधित टीम योग्य विद्यार्थियों का चयन करेगी।

इसके लिए 25 वर्ष आयु से कम के विद्यार्थी व न्यूनतम योग्यता स्नातक में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होनी आवश्यक है। साथ ही सब परीक्षाओं में भी यथा 10वीं एवं 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी अपने सभी प्रमाण-पत्र मय बायोडाटा के साथ स्वविवेक से चयन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

# महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर व्याख्यान, बताए आग बुझाने के गुर

सरदारशहर। सेठ बुधमल दुगड़ राजकीय पीजी महाविद्यालय में गुरुवार को युवा विकास केन्द्र एवं रोवर रेंजर इकाई के संयुक्त तत्वावधान एवं प्रो. एमी कुमावत,



प्रो. [illegible] डा.सुमन सिंह के निर्देशन में आपदा प्रबंधन पर एक [illegible] व्याख्यान, प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन की प्रस्तुति प्रशिक्षित आपदा दल की ओर से दी गई। दल में अधिकारी अधिकारी सुनील कुमार सोनी, एस आई [illegible] कुमार सोनी, राजेश सैनी एवं मुरलीधर बारोड़ ने विभिन्न प्राकृतिक एवं अन्य आपदाओं से निपटने के साधनों के साथ उपस्थित रहे। टीम के सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों रोवर रेंजर के समक्ष आग लगने पर उसे किस प्रकार से नियंत्रित किया जाए की सिखावटी प्रदर्शन के माध्यम से समझाया। सभी छात्र छात्राएं आग को बुझाने के गुर को देखकर अभिभूत थे। उपखण्ड अधिकारी [illegible] ने आपदा से निपटने के लिए सरकारी तंत्र की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। विकास अधिकारी [illegible] एवं [illegible] स्वामी ने भी आपदा से प्रभावित लोगों को सहायतार्थ चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। प्राचार्य डा. अमिता शर्मा [illegible] ने सभी रोवर रेंजर से निःस्वार्थभाव से आपदा प्रभावित व्यक्तियों की सेवा करने का आह्वान किया। युवा विकास केन्द्र के प्रभारी डॉ. [illegible] ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ संकाय सदस्य डा. [illegible] शर्मा, डॉ. सोहनलाल, [illegible] शर्मा, प्रो. [illegible] शर्मा, [illegible] डा. [illegible] डा.गोपाल [illegible] शर्मा आदि उपस्थित थे।

शेखावाटी भास्कर

शुक्रवार 5 अक्टूबर, 2018 | चूरू • रतनगढ़ • सरदारशहर | परिहारा • रतननगर • राजलदेसर

# सरदारशहर के कॉलेज में स्टूडेंट्स को आपदा प्रबंधन के दौरान किए जाने वाले बचाव का दिया प्रशिक्षण

भास्कर न्यूज | सरदारशहर



[illegible]

[illegible]

**कार्यालयः प्राचार्य एस.बी.डी.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर**

Ph. 01564 220027 Web.www.sbdgc.ac.in  mceled  E-Mail = sbdgcs@gmail.com

दिनांक 04.10.2018

## प्रेस नोट

सेठबुधमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर में युवा विकास केन्द्र एवं रोवर रेंजर इकाई के संयुक्त तत्वावधान एवं प्रो. ए.सी. कुमावत, प्रो. शेरसिंह, डॉ. सुमन सिंह के निर्देशन में आपदा प्रबंधन पर एक सारगर्भित व्याख्यान, प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन की प्रस्तुति प्रशिक्षित आपदा दल द्वारा दी गई। दल में अधीशाषी अधिकारी श्री सुनील कुमार सोनी, एस.आई श्री अरूण कुमार सोनी, राजेश सैनी एवं श्री मुरलीधर थालोड द्वारा विभिन्न प्राकृतिक एवं अन्य आपदाओं से निपटने के साधनों के साथ उपस्थित रहे। टीम के सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों रोवर रेंजर के समक्ष आग लगने पर उसे किस प्रकार से नियंत्रित किया जाये को दिखावटी प्रदर्शन के माध्यम से समझाया। सभी छात्र छात्राएं आग को बुझाने के दृश्य को देखकर अभिभूत थे। उपखण्ड अधिकारी, श्री मूलचन्द लूणिया ने आपदा से निपटने के लिए सरकारी तंत्र की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। विकास अधिकारी श्री सन्त कुमार मीणा एवं श्री बाबूलाल स्वामी ने भी आपदा से प्रभावित लोगों की सहायतार्थ चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. अणिमा रानी राठौड़ ने सभी रोवर रेंजर से निःस्वार्थभाव से आपदा प्रभावित तथा पीड़ितों की सेवा करने का आह्वान किया। युवा विकास केन्द्र के प्रभारी प्रो. अमरचन्द कुमावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ संकाय सदस्या डॉ. कविता शर्मा, प्रो. सोहनलाल, डॉ. योगेश चाहर, डॉ. देवीशंकर शर्मा, प्रो. के.पी. मीणा, डॉ. सुमित्रा शर्मा, श्री शंकर लाल, डॉ. प्रभाकर दीक्षित, श्रीमती मरियम नागौ, डॉ. गोपाल स्वरूप शर्मा इत्यादि संकाय सदस्य उपस्थित थे।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,
सरदारशहर